आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

बुधवार 01.01.2025 समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- नए साल पर राज्य के पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार, सुरक्षा के किए गए खास इंतजाम।
- प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन को और बेहतर बनाने के निर्देश।
- देहरादून में अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन की तैयारियों की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समीक्षा की।
- प्रदेश में शीतकालीन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह, बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों ने शीतकालीन प्रवास स्थलों के दर्शन किए।

## नव वर्श उत्सव

नए साल पर प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थल सैलानियों से गुलजार हैं। वहीं, आज सुबह से ही राजधानी देहरादून सहित राज्य के विभिन्न मंदिरों में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इस बीच, बड़ी संख्या में पर्यटक औली और केदारकांठा समेत अन्य स्थानों पर कैंपिंग, ट्रैकिंग और हाइकिंग का लुत्फ उठा रहे हैं। नए साल पर पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस ने भी सुरक्षा के खास इंतजाम किए हैं। देहरादून और मसूरी में बड़ी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस 24 घंटे गश्त कर रही है।

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पर्यटकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

वहीं, प्रदेश के केदारकांठा, हर्षिल और दयारा क्षेत्रों में एसडीआरएफ, पुलिस और आपदा प्रबंधन की त्वरित प्रतिक्रिया दल की टीमें भेजी गई हैं। सैटेलाइट फोन, वॉकी–टॉकी, स्नो चेन, सर्च लाइट और अन्य जरूरी उपकरणों से लैस इन टीमों को बर्फ से ढके इलाकों में पर्यटकों की आवाजाही और अन्य व्यवस्थाओं पर नजर रखने को कहा गया है। सड़कों को सुचारू रखने के लिए संवेदनशील स्थानों पर आवश्यक मशीनरी और श्रमिक भी तैनात किए गए हैं।

**<u>नव वर्श बधाई</u>**

राज्यपाल गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नव वर्ष पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। राज्यपाल ने नव वर्ष पर प्रदेशवासियों से नई सोच, ऊर्जा और आशा के साथ 'देवभूमि' उत्तराखण्ड के समग्र विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड गठन के 25वें वर्ष को देवभूमि रजत जयंती वर्ष के रूप में मना रहा है। उन्होंने कहा कि जन आकांक्षाओं की पूर्ति और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

## आपातकालीन चिकित्सा

स्वास्थ्य सचिव डॉक्टर आर. राजेश कुमार ने प्रदेश के सभी राजकीय मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पतालों को आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन को और बेहतर करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि नव वर्ष और शीतकालीन चारधाम यात्रा के दौरान सभी अस्पतालों में आपातकालीन प्रबंधन की व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए, ताकि पर्यटकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि ट्राइएज के तहत मरीजों की तेजी से जांच की जाती है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही क्लीनिक प्रोटोकॉल, डॉक्युमेंटेशन और क्वालिटी एश्योरेंस को लेकर भी गाइडलाइन बनाई गयी हैं। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि गंभीर मरीजों को 10 मिनट के अंदर इलाज मिलना सुनिश्चित किया जायेगा। इस संबंध में लापरवाही बरतने पर संबंधित मेडिकल कॉलेज के एम.एस या प्राचार्य की जवाबदेही होगी।

## निकाय चुनाव

प्रदेशभर में निकाय चुनाव के तहत महापौर, अध्यक्ष, पार्षद और सभासद के लिए 6 हजार चार सौ 96 उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल किये हैं। महापौर के लिए 103, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 5 सौ 79 जबकी पार्षद और सभासद पदों के लिए 5 हजार आठ सौ 14 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्रों की जांच का आज अंतिम दिन। राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार आज भी नामांकन पत्रों की जांच की जा रही है। कल नाम वापसी की तिथि है और उम्मीदवार सुबह 10 बजे से चार बजे तक नाम वापस ले सकते हैं।

**राजस्व**

प्रदेश में वित्तीय वर्ष 2024–25 के शुरुआती नौ महीनों में खनन से 6 सौ 86 करोड़ रुपये की राजस्व प्राप्त हुआ है, जो पिछले वित्तीय वर्ष के कुल राजस्व 646 करोड़ रुपये से अधिक है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में खनन से कुल 397 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में बढ़कर 29 दिसंबर तक 686 करोड़ रुपये हो चुका है। जबकि इस वित्तीय वर्ष में अभी तीन माह शेष हैं।

**प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन**

देहरादून में 12 जनवरी को अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सम्मेलन की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने अधिकारियों से प्रस्तावित अन्तर्राष्ट्रीय प्रवासी उत्तराखण्डी सम्मेलन के दौरान राज्य की लोक संस्कृति, खानपान, स्थानीय हस्तशिल्प, उत्पादों के बेहतरीन प्रदर्शन करने को कहा। उन्होंने सम्मेलन के दौरान आयोजित होने वाले प्रत्येक सत्र के लिए सम्बन्धित विभाग के सचिव को नोडल अधिकारी बनाने के निर्देश दिए। श्रीमती रतूड़ी ने जिला प्रशासन को सम्मेलन के आयोजन के दौरान शहर एवं आयोजन स्थल की स्वच्छता, पार्किंग व्यवस्था, विदेश से आने वाले प्रवासी अतिथियों के स्वागत–सत्कार के लिए सम्पर्क अधिकारियों, परिवहन, प्रोटोकॉल, रहने, यातायात की बेहतर व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

**भीतकालीन यात्रा**

प्रदेश में शीतकालीन यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। अब तक बड़ी संख्या में तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। बाबा केदारनाथ के शीतकालीन प्रवास स्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ  में सर्वाधिक 6 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे हैं। जबकी भगवान बद्रीविशाल के शीतकालीन गद्दी स्थल पांडुकेश्वर में 5 हजार से अधिक  तीर्थयात्रियों ने भगवान बदरी विशाल के दर्शन किये। गंगोत्री धाम के प्रवासस्थल मुखबा और यमुनोत्री धाम के प्रवासस्थल खरसाली में भी हजारों श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। बदरी– केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के बावजूद श्रद्धालुओं में यात्रा को लेकर खासा उत्साह है। केदारनाथ के दर्शन के लिए हर दिन सैकड़ों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

**मौसम**

प्रदेश में अगले दो–तीन दिन तक मौसम शुष्क रहेगा। इस दौरान हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर, देहरादून, नैनीताल और पौड़ी जिलों के मैदानी इलाकों में हल्का सा मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है। देहरादून के मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते 5 से 6 जनवरी के बीच पर्वतीय क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी का अनुमान है।

## वाहनों पर रोक

बर्फ और पाले में वाहन फिसलने से दुर्घटना की आशंका के चलते रात 10 बजे के बाद कालसी से चकराता जाने वाले वाहनों पर रोक लगा दी गई है। पिछले दिनों लोखंडी के पास पाले में फिसलकर पर्यटकों की कार खाई में गिर गई थी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, देहात, विकासनगर रेणू लोहानी ने बर्फबारी और पाला पड़ने पर रात 10 बजे के बाद चकराता जाने वाले वाहनों को रोकने के निर्देश दिए थे। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर यह व्यवस्था की गई है। उन्होंने पर्यटकों से भी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

## आवेदन

प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे। भर्ती लिए 18 और 23 दिसंबर को शासनादेश जारी किया गया था। अभ्यर्थी कल से 31 जनवरी शाम पांच बजे तक www.wecduk.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है।

## आबकारी अधिकारी

हरिद्वार जिले में पथरी थाना क्षेत्र के शाहपुर में देसी शराब के ठेके पर मिलावटखोरी के मामले में हरिद्वार सर्किल में तैनात आबकारी इंस्पेक्टर संजय रावत को निलंबित कर दिया गया है। जबकि जिला आबकारी अधिकारी हरीश जोशी को हल्द्वानी संबंद्ध किया गया है। वहीं, दुकान को

सील कर दिया गया है। देसी शराब के ठेके पर देहरादून के जिला आबकारी अधिकारी प्रभाशंकर मिश्रा के नेतृत्व में एक टीम ने छापा मारा था।